**भा.कृ.अनु.प.-भारतीय सोयाबीन अनुसंधान संस्थान, खंडवा रोड,**

**इन्दौर - 452001**

**फ़ाइल क्रमांक: प्रेस नोट/प्रेस व पब्लिसिटी/2023/01**

# *पहली बार मेज़बानी कर रही सोयाबीन अनुसंधान संस्थान ने राखी जीत की नीव, चार दिवसीय "मध्य क्षेत्र-वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता" का हुआ समापन*

## *चार दिवसीय "मध्य क्षेत्र-वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता" हुई संपन्न, आई.ए.आर.आई, दिल्ली ने शीर्ष स्थान किया अर्जि*

**इंदौर, मध्यप्रदेश.** भारतीय सोयाबीन अनुसंधान संस्थान, इंदौर की मेजबानी में देवी अहिल्या विश्वविद्यालय के प्रांगण में शहर में पहली बार आयोजित भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद् की "मध्य क्षेत्र खेलकूद प्रतियोगियता 2022" का सफल समापन शुक्रवार को हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में शहर के लोकप्रीय सांसद माननीय श्री शंकर लालवानी जी तथा राष्ट्रीय खिलाड़ी श्री प्रशांत महंत जी एवं सुश्री पूजा गोमे जी कि विशेष उपस्थिति में विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कार वितरित किये गए। इससे पूर्व अपने संक्षिप्त उद्बोधन में माननीय सांसद ने कहा "सरकार द्वारा देश के हर हिस्से से प्रतिभाओं को माननीय प्रधान मंत्री जी के नेतृत्व में "खेलो इंडिया" कार्यक्रम के अंतर्गत आगे बढाया जा रहा है और सरकार द्वारा इस कार्य को पूर्ण पारदर्शिता के साथ निष्पादित किया जा रहा है, जिससे प्रतिभावान खिलाडियों द्वारा विश्व स्तर पर देश का गौरव बढ़ाया जा रहा है"। इस अवसर पर संस्थान के निदेशक डॉ के.एच. सिंह ने कहा सोयाबीन न केवल "सोया राज्य - मध्य प्रदेश" अपितु सम्पूर्ण देश की महत्वपूर्ण एवं अग्राणि तिलहनी फसल होकर देश की खाद्य तेल अर्थव्यवस्था के साथ-साथ विदेशी मुद्रा अर्जन में योगदान दे रही है। उनके अनुसार मध्य प्रदेश जहा सबसे अधिक सोयाबीन का क्षेत्रफल है, इसकी

उत्पादकता वृद्धि हेतु संस्थान द्वारा अनुसंधान एवं तकनीकी के प्रचार - प्रसार हेतु विशेष प्रयास किये जा रहे है। डॉ सिंह द्वारा भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद् तथा इस प्रतियोगिता में शामिल 15 अनुसंधान संस्थानों के निदेशक एवं खिलाड़ियों को धन्यवाद एवं शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए पुरस्कार वितरित किये गए।

देश के अग्राणि 15 अनुसंधान संस्थानों में से सबसे अच्छे खिलाडियों तथा सर्वाधिक पदक प्राप्त करने वाली टीम का खिताब नई दिल्ली की भारतीय कृषि अन्सुसंधान संस्थान को दिया गया, जबकि दूसरा स्थान केंद्रीय कृषि अभियांत्रिकी संस्थान, भोपाल; तीसरा स्थान राष्ट्रीय मृदा सर्वेक्षण एवं भूमि उपयोग नियंत्रण ब्यूरो, नागपुर तथा चौथा स्थान प्रतियोगिता के मेजबानी कर रहे शहर के भारतीय सोयाबीन अनुसंधान संस्थान ने प्राप्त किया। इसी प्रकार सर्वाधिक पदक प्राप्त कर महिलाओं की उत्कृष्ट एथलिट का पुरस्कार भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान, नई दिल्ली की डॉ श्रीमती इंदु चोपड़ा तथा पुरुषों में एन.बी.एस.एस.एल.यू.पी, नागपुर के अमित कुमार दास उत्कृष्ट एथलिट बने।

अन्य खेल प्रतियोगिता में कबड्डी, वॉलीबॉल, बास्केटबाल, क्रिकेट, फुटबॉल, बैडमिंटन पुरुष तथा महिला सिंगल्स एवं डबल्स की विजेता टीम का खिताब आई.ए .आर.आई, नई दिल्ली को जबकि महिलाओं की टेबल टेनिस एवं बैडमिंटन डबल्स का पुरस्कार भारतीय सोयाबीन अनुसंधान संस्थान, इंदौर ने अर्जित किया।

इस चार दिवसीय खेल समागम में पुरुष एवं महिलाओं की 100 मी. दौड़ जैसी प्रतियोगिता में आई.ए.आर.आई, नई दिल्ली के खिलाड़ी श्री आर.एस. सिरारी एवं सुश्री रूपेश गुप्ता ने स्वर्ण पदक प्राप्त किया। इसी प्रकार 200 मी. पुरुषों की दौड़ में एन.बी.एस.एस.एल.यु.पी, नागपुर के श्री अमित कुमार दास तथा महिलाओं की श्रेणी में एन.बी.पी.जी.आर, नई दिल्ली की सुश्री संजू साहू विजयी रही।

इस प्रतियोगिता की मेज़बान टीम भारतीय सोयाबीन अनुसंधान संस्थान, इंदौर के खिलाड़ियों ने बैडमिंटन सिंगल्स एवं डबल्स में स्वर्ण पदक प्राप्त किया, जबकि प्रतियोगिता में पहली बार शामिल क्रिकेट खेल में उपविजेता रहे।






भा.कृ.अनु.प.- मध्य क्षेत्र खेलकूद प्रतियोगिता-2022
ICAR- CENTRAL ZONE SPORTS MEET- 2022
06 January 2023


ICAR-IISR
Indore